# सीएम की यात्रा से बिहार प्रगति पथ पर अग्रसर

## बोले विजय सिन्हा

- नवनियुक्त 487 कनीय अभियंताओं को दिए नियुक्ति पत्र
- 487 जेई की नियुक्ति से विभाग की क्षमता बढ़ेगी



अधिवेशन भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त जेई को नियुक्ति पत्र सौंपते उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा। साथ में अपर मुख्य सचिव मिहिर कमार सिंह व अन्य।

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सीएम नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से बिहार प्रगति पथ पर अग्रसर होगा। बुधवार को अधिवेशन भवन में नवनियुक्त 487 कनीय अभियंताओं को नियुक्ति पत्र देते हुए उन्होंने कहा कि एक साथ इतने इंजीनियरों की बहाली से विभागीय कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में हुई घोषणाओं से विकसित बिहार एवं समृद्ध बिहार के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत प्रगति यात्रा के क्रम मुख्यमंत्री ने कुल 7741 करोड़ की लागत से 67 योजनाओं की घोषणा की है। राज्य कैबिनेट ने इन योजनाओं की मंजूरी दे दी है। विभाग समयबद्ध निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रगति यात्रा के अंतर्गत आनेवाले पथों और पुलों के निर्माण से आमजनों की यात्रा सुगम होगी। यह सरकार की प्राथमिकता है। अधिकतम तीन वर्षों में इन परियोजनाओं को पूरा कर लिया जाएगा। विभाग की कोशिश है कि 2028 तक बिहार के किसी भी कोने से लोग तीन-साढ़े तीन घंटे में पटना आ जाएं। विभाग के पदाधिकारियों को इस दिशा में एक रोडमैप तैयार कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के अंतर्गत अभी कई जिलों की यात्रा शेष है और उन जिलों में पथ प्रक्षेत्र के अंतर्गत होने वाली घोषणाओं पर विभाग त्वरित गति से कार्य करेगा। मौके पर विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी मौजूद रहे।